# PRESS COVERAGE

# JPS ACADEMY NISSING

## Session 2020-21

## News Record

21/07/2021

### जेपीएस अकादमी में लगाई कोरोना रोधी वैक्सीन

संवाद सूत्र, निसिंग : जेपीएस अकादमी में संचालक योगेंद्र राणा व अंजू राणा की अध्यक्षता में कोरोना महामारी से सुरक्षा को लेकर टीकाकरण शिविर लगाया गया। 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का टीकाकरण किया गया। प्रधानाचार्य बलराज सिंह ने कहा कि वैक्सीनेशन प्रत्येक व्यक्ति के लिए जरूरी है।

योगेंद्र राणा ने कहा कि कोरोना से लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई। एसएमओ डा. राजेश जौहरी ने बताया कि कोरोना से सुरक्षा को लेकर क्षेत्र में वैक्सीनेशन के लिए अलग अलग गांवों में सात केंद्र बनाए गए। क्षेत्र में कुल 1119 लोगों को वैक्सीन लगाई गई। पहली डोज वाले 705 व दूसरी डोज लेने वाले 414 है। उन्होंने बताया कि सीएचसी निसिंग, शिव मंदिर निसिंग व जेपीएस अकादमी पर केंद्र बनाकर वैक्सीनेशन किया गया। वहीं डाचर में एक, गोंदर में दो व औंगद में एक केंद्र पर टीकाकरण किया गया।



जेपीएस अकादमी में स्वास्थ्य कर्मियों के साथ अकादमी प्रबंधक योगेंद्र राणा। ● जागरण

# JPS ACADEMY NISSING

# Session 2020-21

## News Record

### निसिंग अकादमी का शत प्रतिशत रहा परिणाम

निसिंग। जेपीएस अकादमी निसिंग का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य बलराज सिंह ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। उन्होंने बताया कि हरकीरत सिंह ने 95.2, नमन ने 94.5, पार्थ ने 94.3, हर्षदीप कौर ने 93.7, गैवी ने 91.3, प्रज्ञा ने 90.8, आयुष कुमार ने 90.8 व अरमान ने 90.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। संवाद



जेपीएस अकादमी निसिंग के मेधावी छात्र।



सिंग की जेपीएस अकादमी में बेहतर अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थी • जागरण

### जेपीएस निसिंग के दसवीं कक्षा के टॉपर विद्यार्थी



निसिंग | निसिंग की जेपीएस अकादमी के बच्चों की दसवीं कक्षा का रिजल्ट शानदार रहा। स्कूल के बच्चों में हरकीरत सिंह ने 95.2 ,नमन ने 94.5, पार्थ ने 94.3, हर्षदीप कौर ने 93.7, गैवी ने 91.3, प्रज्ञा ने 90.8, आयुष कुमार ने 90.8 व अरमान ने 90.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मेरिट लिस्ट में नाम दर्ज कराया। वहीं कक्षा दसवीं के अन्य छात्रों ने भी छात्रों सभी विषयों में 90 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत तक अंक प्राप्त किए। स्कूल की मेरिट लिस्ट में आने वाले बच्चों को स्कूल के प्रबंधक योगेंद्र राणा, अंजू राणा व प्रिसिंपल बलराज सिंह द्वारा मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी गई।

# JPS ACADEMY NISSING

## Session 2020-21

## News Record

13/08/21

# 'बच्चों ने पोस्टर मेकिंग व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दिखाया दम'





*स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में बनाए गए पोस्टर्स दिखाते स्कूल के विद्यार्थी।*

निसिंग, 14 अगस्त (संजय): जे. पी. एस. एकडेमी के हरित प्रांगण में भारत का 75 वां स्वतंत्रता दिवस बड़ी ही धूम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर एकडेमी प्रबंधक श्री योगेंद्र राणा जी, श्रीमती अंजू राणा जी व प्रधानाचार्य की उपस्थिति में ग्रेड छठी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग विषयों पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय परिसर में ही किया गया व तीसरी से पाँचवी तक के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन अध्यापकों की दिशा निर्देशन में किया गया। विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति व भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के विषय में अत्यधिक जानकारी देने के उद्देश्य से ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रत्येक कक्षा के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अनेक विषयों जैसे विभिन्नता में एकता, भारतीय संस्कृति, भारतीय इतिहास और विरासत, स्वतंत्रता दिवस, योगा के लाभ, सोशल मीडिया का बढ़ता प्रभाव, हमारा देश-हमारा गौरव, शिक्षा का महत्तव इत्यादि विषयों पर विद्यार्थियों ने अपनी सुंदर कलात्मक कौशल प्रदर्शित कर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर एकेडमी प्रबंधक श्री योगेंद्र राणा जी, श्रीमती अंजू राणा व प्रधानाचार्य श्री बलराज सिंह ने सभी विद्यार्थियों, अध्यापकों व अभिभावकों, प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कलात्मक प्रतिभा की सराहना की और उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमें देश के विकास में हर संभव योगदान देना चाहिए। उन्होंने राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम में बलिदान देने वाले महान वीरों के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें उन शहीदों के त्याग, समर्पण व बलिदान को नहीं भूलना चाहिए और हमें अपने कर्तव्यों का निर्वाह ईमानदारी व पूर्ण निष्ठा के साथ करना चाहिए। कभी भी झूठ का सहारा नहीं लेना चाहिए। देश को आजाद करवाने वाले सभी महान वीरों को अपना प्रेरणास्त्रोत बनाकर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए, भारतीय संस्कृति और सभ्यता का सम्मान करना चाहिए। यदि विद्यार्थी अपने जीवन में अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, सदाचार, बड़ों के प्रति सम्मान, देश के प्रति देशभक्ति की भावना व सच्चाई जैसे गुणों को अपने जीवन में अपनाता है तो वह अपने जीवन में निश्चित रूप से सफलता प्राप्त करता हैं।

# JPS ACADEMY NISSING

## Session 2020-21

## News Record

01/10/2021

### निसिंग के जेपीएस अकादमी में हुई विशेष प्रार्थना



निसिंग की जेपीएस अकादमी में गांधी जयंती पर प्रस्तुति देती छात्राएं। ● जागरण

**निसिंग** : जेपीएस अकादमी में गांधी जयंती पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन प्रबंधक योगेंद्र राणा व अंजू राणा की अध्यक्षता में किया गया। ग्रेड 12वीं की साक्षी ने जीवन में सत्य व अहिंसा के पथ पर चलने की प्रेरणा दी। तमन्ना द्वारा कविता प्रस्तुति दी गई। आरजू ने सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी द्वारा छात्र–छात्राओं के ज्ञान में वृद्धि की। ग्रेड बारहवीं के गुरकीरत सिंह ने अपने वक्तव्य में गांधी जी के व्यक्तित्व व उनके बताए आदर्शों पर प्रकाश डाला। ग्रेड नौ की छवि ने और छठी के आदित्य ने अपने एकल नृत्य से सभी दर्शकों को भावविभोर कर दिया। प्रिंसिपल ने बच्चों को महात्मा गांधी से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। (संस)

### जेपीएस अकादमी निसिंग में मनाई गांधी जयंती, महात्मा गांधी के विचारों से प्रेरणा लेने का संदेश

**निसिंग** | निसिंग के जेपीएस अकादमी स्कूल में महात्मा गांधी जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल संचालक योगेंद्र राणा व स्कूल प्रिंसिपल बलराज चौधरी ने की। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई। इस दौरान स्कूली बच्चों ने भाषण प्रतियोगिता के द्वारा मंच पर महात्मा गांधी के विचारों को सांझा किया और उनकी शालिनता व सिद्धांतों को अपने जीवन में उकेरने का संकल्प लिया। योगेंद्र राणा व बलराज चौधरी ने कहा कि महात्मा गांधी के असाधारण व्यक्तित्व ने विश्व को शांति, अहिंसा और सद्भावना का मार्ग दिखाया था। वे भारत से छुआ-छूत, घृणा ईर्ष्या, हिंसा, जातिगत दुर्भावनाओं को दूर करना चाहते थे। आज भी जन समुदाय को गांधी के जीवन की मिसाल दी जाती है।

### 'महात्मा गांधी ने आजादी के सपने को सच्चाई में बदला'

**निसिंग।** जेपीएस एकेडमी में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

अध्यक्षता एकेडमी प्रबंधक योगेंद्र राणा, अंजू राणा और प्रधानाचार्य बलराज सिंह ने की। इस दौरान बारहवीं की साक्षी ने विचारों के माध्यम सत्य व अहिंसा के पथ पर चलने की प्रेरणा दी, तमन्ना द्वारा कविता प्रस्तुति व आरजू ने सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी द्वारा छात्र-छात्राओं के ज्ञान में भी वृद्धि की। गुरकीरत सिंह ने अपने वक्तव्य में गांधी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। ग्रेड नौवीं की छवि और ग्रेड छठी के आदित्य ने अपने एकल नृत्य से सभी को भावविभोर कर दिया। संवाद

# JPS ACADEMY NISSING

## Session 2020-21

## News Record

14/10/2021

### बच्चों ने कार्यक्रमों के माध्यम से श्रीराम की लीलाओं को दर्शाया

भास्कर न्यूज़ | निसिंग

जेपीएस अकादमी में गुरुवार को दशहरा महोत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अकादमी प्रबंधक योगेंद्र राणा, अंजू राणा, व प्रधानाचार्य बलराज सिंह की उपस्थिति में किया गया। इस महोत्सव में विद्यार्थियों ने भिन्न-भिन्न प्रकार से प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्रेड पांचवी यमुना के छात्र-छात्राओं द्वारा गायत्री मंत्र और हम सब प्रेम के दीप जलाएं, श्री राम के मंदिर में भजन से किया गया। इस दौरान बच्चों ने अलग अलग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भगवान श्री राम के लीलाओं का वर्णन किया। योगेंद्र राणा व बलराज सिंह ने कहा कि भारत में मनाए जाने वाले त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्द की भावना को बढ़ावा देते हैं।अतः हम सभी का कर्तव्य है कि हमें बिना किसी भेदभाव के सभी त्योहारों को सम्मानजनक मनाना चाहिए। इस मौके स्टाफ सदस्य सहित अन्य मौजूद रहे।

### जे.पी.एस. अकादमी में दशहरा महोत्सव मनाया



कार्यक्रम के दौरान बच्चे व अध्यापक।

निसिंग, 14 अक्तूबर(संजय): शहर के करनाल-कैथल रोड स्थित जे.पी.एस. अकादमी में गुरुवार को दशहरा महोत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अकादमी प्रबंधक योगेंद्र राणा, अंजू राणा, व प्रधानाचार्य बलराज सिंह की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्रेड पांचवी यमुना के छात्र-छात्राओं द्वारा गायत्री मंत्र और हम सब प्रेम के दीप जलाएं, श्री राम के मंदिर में भजन से किया गया। ग्रेड छठी गैंगिज के कनिष्क और करमनप्रीत के द्वारा होती है सत्य की जीत असत्य की हार पर अनमोल विचार, हरगुन और सुखमन द्वारा आया पर्व दशहरा कहता करना सदा भलाई । कविता प्रस्तुति व ग्रेड नौवीं गैंगिज की निमरत कौर ने अपने वक्तव्य में दशहरा पर्व की महत्ता पर अपने विचार व्यक्त किए और ग्रेड सातवीं ब्रह्मपुत्र के विद्यार्थियों द्वारा है शुभारंभ ,हो शुभारंभ मंगल वेला आई अति मनमोहक नृत्य प्रस्तुति किए गए।इस कार्यक्रम का मुख्य केंद्र बिंदु ग्रेड आठवीं गैंगिज के साहिब प्रीत व हरनूर द्वारा लघु कथा के माध्यम से रामायण प्रस्तुति की गई। अकादमी प्रबंधक योगेंद्र राणा ने सभी विद्यार्थियों अभिभावकों, अध्यापकों और समस्त प्रदेशवासियों को दशहरे की हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि सभी होनहार विद्यार्थियों ने दशहरे के उत्सव में चार चांद लगा दिए हैं।

# JPS ACADEMY NISSING

## Session 2020-21-22

## News Record

### हरियाणा दिवस पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से छात्राओं ने मोहा मन




निसिंग की जेपीएस अकादमी में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देती छात्राएं। ● जागरण

संवाद सूत्र, निसिंग : कस्बे की जेपीएस अकादमी में प्रबंधक योगेंद्र राणा व अंजू राणा की अध्यक्षता में विद्यार्थियों ने विभिन्न मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर हरियाणा दिवस धूमधाम से मनाया। छात्राओं ने हरियाणवी गीतों की सुंदर प्रस्तुतियां देकर सबका मनमोहा। किसानी पर नाटक मंचन कर उपस्थित जन को करतल ध्वनियां करने पर मजबूर कर दिया। ग्रेड ग्यारहवीं की हर्षदीप ने अनमोल विचार एक समय में एक ही काम करो व ग्रेड नौवीं यमुना की नमनप्रीत ने मुख्य समाचार एवं पहली से लेकर ग्रेड दसवीं तक के विद्यार्थियों ने हरियाणा के विभिन्न जिलों की झलकियां नाटक के माध्यम से प्रस्तुत की। वहीं ग्रेड दसवीं गैंजिज की निहारिका द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन पर वक्तव्य और ग्रेड नौवी गैंजिज के सचिन ने प्रश्नोत्तरी प्रस्तुति से सबकी ज्ञानवृद्धि की। ग्रेड सातवीं ब्रह्मपुत्र, ग्रेड नौवीं की छात्राओं ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषय पर नृत्य प्रस्तुत कर समां बांधा।

### छात्र-छात्राओं ने दी रंगारंग प्रस्तुति

निसिंग। जेपीएस एकेडमी निसिंग के हरित प्रांगण में हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छात्र और छात्राओं द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी गई। इस दौरान एकेडमी प्रबंधक योगेंद्र राणा ने विद्यार्थियों को इसी प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य बलराज सिंह ने की। संवाद

# JPS ACADEMY NISSING

# SESSION 2021-22

# NEWS RECORD

## जेपीएस अकादमी में मनाया बाल दिवस, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का किया मंचन



निसिंग | निसिंग के जेपीएस अकादमी स्कूल में पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस पर बाल दिवस के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता अकादमी प्रबंधक योगेंद्र राणा, अंजू राणा व प्रिंसिपल बलराज सिंह ने की। कक्षा तीसरी गैंगिज व यमुना के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कक्षा तीसरी की जपनीत व गुरनवाज द्वारा मंच संचालन किया गया। कक्षा तीसरी के बलकार सिंह द्वारा विचार प्रस्तुति, गुरशान द्वारा देश- दुनिया की जानकारी, हरकिरत द्वारा चाचा नेहरू के जीवन से संबंधित वक्तव्य प्रस्तुति किए।

## इतनी सी हंसी... गीत पर किया नृत्य

निसिंग। कस्बे के जेपीएस एकेडमी में पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक योगेंद्र राणा ने की। कक्षा तीसरी की जपनीत और गुरनवाज ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर कक्षा तीसरी के छात्र-छात्राओं ने इतनी- सी हंसी, इतनी-सी खुशी जैसे सुंदर गाने पर नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। छात्र बलकार सिंह और हरकीरत ने चाचा नेहरू के जीवन के बारे में बताया। कक्षा तीन की यमुना, नमनप्रीत व निमरत ने कविताएं सुनाईं। गुरशान ने सामान्य ज्ञान के प्रश्नों से देश-दुनिया के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर अंजू राणा व प्रधानाचार्य बलराज सिंह मौजूद रहे। *संवाद*



निसिंग की जेपीएस अकादमी में बाल दिवस मनाते नन्हें कलाकार। • जागरण

संवाद सूत्र, निसिंग : कस्बे की जेपीएस अकादमी में प्रबंधक योगेंद्र राणा व अंजू राणा की अध्यक्षता में पंडित जवाहरलाल नेहरू जयंती बाल दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गई। जिसमें कक्षा तीसरी गैंगिज व यमुना के छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रमों की सुंदर मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोहा। कक्षा तीसरी की जपनीत व गुरनवाज ने मंच संचालन किया गया। कक्षा तीसरी के बलकार सिंह ने सुंदर विचार प्रस्तुति की, छात्र गुरशान ने देश-दुनिया की जानकारी व हरकिरत ने चाचा नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला। कक्षा तीसरी यमुना के नमनप्रीत व निमरत ने विभिन्न विषयों पर सुंदर कविताएं प्रस्तुत की। गुरशान ने सामान्य ज्ञान बढ़ोतरी की। तीसरी के विद्यार्थियों ने इतनी- सी हंसी, इतनी-सी खुशी जैसे सुंदर गाने पर नृत्य प्रस्तुत कर आत्म विभोर कर दिया। वहीं विद्यार्थियों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रस्तुति दी। योगेंद्र राणा ने विद्यार्थियों की प्रतिभा सराहते हुए सभी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### स्कूल स्तर से ही अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करें विद्यार्थी

प्रिंसिपल बलराज सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को स्कूल स्तर से ही अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का प्रयास करना चाहिए। जिससे उनमें आत्मविश्वास का विकास हो और प्रत्येक क्षेत्र में अर्जित कर सकें।

19/11/2021

# JPS ACADEMY NISSING

# SESSION 2021-22

# NEWS RECORD

## बिना गुरु के कोई भी दूसरे किनारे तक नहीं जा सकताः गुरलीन



निसिंग. गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व कार्यक्रम में मौजूद बच्चे।

भास्कर न्यूज़ | निसिंग

निसिंग के जेपीएस अकादमी स्कूल में गुरुवार को गुरु नानक देव के 552वें प्रकाश पर्व एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्यारहवीं की परनीत अपनी प्रस्तुति दी। गुरलीन द्वारा गुरु नानक जयंती के जन्म से संबंधित वक्तव्य बड़े ही रोचक और मनोरम ढंग से प्रस्तुत किया गया। जिसमें समाज को संदेश दिया गया कि दुनिया में व्यक्ति को किसी भी भ्रम में नहीं रहना चाहिए, बिना गुरु के कोई भी दूसरे किनारे तक नहीं जा सकता है। सातवीं व आठवीं के छात्र और छात्राओं द्वारा प्रकाश उत्सव से संबंधित शब्द गायन प्रस्तुति की गई। जिसने सभा में उपस्थित श्रोताओं के मन को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता योगेंद्र राणा, अंजू राणा व प्रधानाचार्य बलराज सिंह ने की। योगेंद्र राणा व बलराज चौधरी ने कहा कि हमें गुरुओं के बताए गए विचारों पर चलना चाहिए। गुरु नानक देव ने कहा है संसार को जीतने से पहले स्वयं अपने विकारों पर विजय पाना अति आवश्यक है। अहंकार मनुष्य को मनुष्य नहीं रहने देता।

## जेपीएस अकादमी में गुरु पर्व पर गुरबाणी कीर्तन

संसू, निसिंग : जेपीएस अकादमी मे श्री गुरु नानक देव जी का 552वां प्रकाश पर्व प्रबंधक योगेंद्र राणा एवं अंजू राणा की अध्यक्षता में गया। विद्यार्थियों ने गुरुओं की ज्ञान वाणी को आत्मसात किया। प्रिंसिपल बलराज सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में ग्रेड ग्यारहवीं की परनीत ने अनमोल विचार एवं गुरु नानक देव जी के जन्म से संबंधित वक्तव्य प्रस्तुत किया। गुरुओं की शिक्षा को शिरोधार्य करना चाहिए।

**गुरुओ की शरण में मिलता सुख : डा सतवंत** निसिंग : माता सुंदरी खालसा गर्ल्स कालेज की विरसा संभाल कमेटी ने प्रकाश पर्व पर प्रिंसिपल डा. सतवंत कौर मान की अध्यक्षता में श्री जपुजी साहिब का पाठ किया। छात्राओं के शबद कीर्तन गायन के बाद धार्मिक शिक्षक डा. संदीप सिंह ने गुरु नानक देव जी के जीवन की प्रमुख घटनाओं के माध्यम से उनकी विचारधारा को व्यक्त किया। विरसा संभाल कमेटी के कोआर्डिनेटर प्रो. अमृतपाल कौर, कमेटी सदस्य प्रवक्ता जसदीप कौर, मनदीप कौर, संदीप कौर, प्रेस कमेटी कन्वीनर सह प्रवक्ता अरुणा धीमान सहयोग दिया।

## गुरु नानक देव जी के बताए विचारों पर चलें

निसिंग। जेपीएस अकादमी निसिंग में गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर सभा का आयोजन एकेडमी प्रबंधक योगेंद्र राणा, अंजू राणा व प्रधानाचार्य बलराज सिंह की अध्यक्षता में किया गया। परनीत और गुरलीन ने गुरु नानक जी के जन्म से संबंधित वक्तव्य प्रस्तुत किया गया। योगेंद्र राणा ने कहा कि गुरु नानक देव जी के बताए विचा[रों] पर चलना चाहिए। संवाद

# JPS ACADEMY NISSING

# SESSION 2021-22

18/12/21

# NEWS RECORD

## ट्रैफिक नियम, कोरोना और जंक फूड के दुष्प्रभावों को बच्चों ने चार्ट से किया प्रदर्शित

▪ जेपीएस अकादमी स्कूल में विज्ञान प्रर्दशनी में दिखाई प्रतिभा

भास्कर न्यूज़ | निसिंग

निसिंग के जेपीएस अकादमी स्कूल में शनिवार को ग्रेड नर्सरी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए शिक्षक -अभिभावक मंत्रणा के साथ विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता एकेडमी प्रबंधक योगेंद्र राणा, अंजू राणा व प्रधानाचार्य बलराज सिंह ने की। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विज्ञान विषय के साथ-साथ हिंदी, इंग्लिश, संस्कृत, आर्ट एंड क्राफ्ट और सामाजिक विज्ञान विषय से संबंधित भी अनेक प्रकार के सुंदर चार्ट व मॉड्लस बनाकर विषय संबंधी अपने ज्ञान को बड़े ही कलात्मक व सृजनात्मक रूप से प्रदर्शित किया। वहीं विज्ञान विषय में उन्होंने अनेक तरह से अपनी वैज्ञानिक सोच को वर्किंग मॉड्लस के द्वारा प्रदर्शित करने की कोशिश की।



निसिंग. जेपीएस स्कूल में प्रदर्शनी का अवलोकन करते स्टाफ।

प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने मुख्य रूप से पर्यावरण प्रदूषण के कारण व निवारण, स्मार्ट सिटी, जल व खेलों के महत्व, हिंदी और इंग्लिश के व्याकरण संबंधी विषयों को, यातायात के नियम, कोरोना एक महामारी ,जंग फूड के हमारे पाचन तंत्र पर पड़ते हुए दुष्प्रभाव एवं विज्ञान विषय के अंतर्गत हाइड्रोलिक ब्रेक, इलेक्ट्रिक पावर स्टेशन, डीएनए, एवोल्यूशन ऑफ यूनिवर्स, सोलर एनर्जी, विंड एनर्जी, वैदिक साइंस लाइव एक्सपेरिमेंट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, मशीन एंड इट्स टाइप, वेस्ट मैनेजमेंट, स्मार्ट डस्टबिन, अर्थक्वेक अलार्म, सोलर सिस्टम वहाइड्रोलिक लिफ्ट इत्यादि विषयों पर विद्यार्थियों ने अनेक प्रकार के सुंदर चार्ट और मॉडल्स बनाए।

## विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

संवाद न्यूज एजेंसी

निसिंग। जेपीएस में ग्रेड नर्सरी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई।

प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विज्ञान विषय के साथ- साथ हिंदी, इंग्लिश, संस्कृत, आर्ट एंड क्राफ्ट और सामाजिक विज्ञान विषय से संबंधित चार्ट व मॉडल बना प्रदर्शित किए। विद्यार्थियों ने मुख्य रूप से पर्यावरण हिंदी और अंग्रेजी के व्याकरण संबंधी विषयों , यातायात के नियम, कोरोना एक महामारी ,जंग फूड के हमारे पाचन तंत्र पर पड़ते हुए दुष्प्रभाव एवं विज्ञान विषय के अंतर्गत हाइड्रोलिक ब्रेक, इलेक्ट्रिक पावर स्टेशन, डीएनए, एवोल्यूशन ऑफ यूनिवर्स, सोलर एनर्जी, विंड एनर्जी आदि विषयों पर चार्ट और मॉडल बनाकर दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एकेडमी प्रबंधक योगेंद्र राणा, अंजू राणा व प्रधानाचार्य बलराज सिंह ने की।

# JPS ACADEMY NISSING

# SESSION 2021-22

09/03/2022

# NEWS RECORD

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में खूब थिरके बच्चे



**निसिंग** | निसिंग जेपीएस अकादमी में ग्रेड ग्यारहवीं मेडिकल, नॉन मेडिकल और कॉमर्स संकाय के विद्यार्थियों की ओर से ग्रेड बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई पार्टी समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अकादमी संचालक योगेंद्र राणा, अंजू राणा व प्रिंसिपल बलराज चौधरी ने की। विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब मस्ती की। सीनियर के लिए जूनियर्स विद्यार्थियों ने बड़े सुंदर टाइटल प्रदान किए और विभिन्न खेल गतिविधियों द्वारा मनोरंजन भी किया। वहीं सीनियर विद्यार्थियों ने शिक्षकों व मैनेजमेंट का आभार जताते हुए कहा कि स्कूलिंग लाइफ जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जिसे जिंदगी भर नही भुला पाएंगे। प्रबंधक योगेंद्र राणा ने कहा कि गुरुजनों की शिक्षा उनका कालेज जीवन में पग-पग पर मार्गदर्शन करती रहेगी। प्रधानाचार्य बलराज सिंह ने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य का पीछा करने की सीख दी।

## जे.पी.एस. अकादमी में विदाई समारोह का आयोजन

निसिंग, 9 मार्च (संजय): शहर के करनाल-कैथल रोड स्थित जे.पी.एस अकादमी में 11वीं कक्षा के छात्र छात्राओं ने 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता अकादमी प्रबंधक योगेंद्र राणा, अंजू राणा व प्रधानाचार्य बलराज सिंह ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत से किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्राओं ने हरियाणवी गाने घुंघट बैन करा दे ओ पिया, हैवी घाघरा, मेरा चुनर मंगा दे ओ ननदी के वीरा इत्यादि सुंदर गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी दर्शकों को झूमने पर विवश कर दिया। अकादमी प्रबंधक योगेंद्र राणा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में स्कूलिंग एक महत्वपूर्ण स्थान होता है ,यह जीवन का प्रथम चरण होता है। इस मौके पर अकादमी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## घुंघट बैन करा दे ओ पिया...

निसिंग। जेपीएस एकेडमी में ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एकेडमी प्रबंधक योगेंद्र राणा, अंजू राणा व प्रधानाचार्य बलराज सिंह ने की। सीनियर विद्यार्थियों के लिए जूनियर विद्यार्थियों ने सुंदर टाइटल प्रदान किए और विभिन्न खेल गतिविधियों द्वारा उनका मनोरंजन किया। सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने भी विद्यालय के सभी अध्यापकों व मैनेजमेंट के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यार्थियों ने हरियाणवी लघु नाटिका के आधार पर विद्यालय स्तर को दिखाया जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। छात्राओं ने हरियाणवी गाने घुंघट बैन करा दे ओ पिया, हैवी घाघरा, मेरा चुनर मंगा दे ओ ननदी के वीरा गीतों पर नृत्य किया। संवाद